No. of Printed pages:2

**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-1**

**PERIODIC TEST-I (2022-23)**

**HINDI(COURSE-B)**

**CLASS: X** **MAX. MARKS:20**

**DATE: 23/05/2022** **TIME : 45 MINUTES**

---

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'अ' और खंड 'ब' ।
- खंड 'अ' में कुल दो प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।
- खंड 'ब' में कुल दो प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।
- कुल प्रश्नों की संख्या चार है ।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।

---

खंड 'अ'(अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारितप्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x5=5)

घरवालों से शिष्ट व्यवहार करना उतना ही जरूरी है जितना कि बाहर वालों से। घर में दूसरों का ख्याल रखना और अच्छा व्यवहार करने से नजदीकी और अपनापन बढ़ता है । विनम्रता का मतलब है अच्छी तहजीब का पालन। खुद को संतुष्टि देने के साथ ही विनम्रता और शिष्ट व्यवहार के और भी कई फायदे हैं किंतु फिर भी लोग विनम्रता का पालन नहीं करते । कठोर और असभ्य लोग थोड़े समय के लिए सफल हो सकते हैं मगर ज्यादातर लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं और आखिरकार ऐसे लोग ना पसंद किए जाते हैं । बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख्याल रखने वाला बन सके। एक बार विनम्र व्यवहार सीख लें तो वह उम्र भर साथ रहता है । यह दूसरों का ख्याल रखने और संवेदनशील होने के नजरिए को दर्शाता है । ऐसी बातें छोटी और असाधारण लगती हैं लेकिन इनसान को बहुत दूर तक ले जाती हैं । उदाहरण के लिए कृपया, शुक्रिया, धन्यवाद और मुझे क्षमा कर दीजिए जैसे चंद शब्द जादू का असर दिखाते हैं ।

प्रश्न-

(i) शिष्ट और अच्छा व्यवहार क्यों आवश्यक है ?

(ii) कठोर और असभ्य लोगों का जीवन पूर्ण रूप से सफल क्यों नहीं होता ?

(iii) दूसरों का ख्याल रखना हमारे किस दृष्टिकोण को प्रकट करता है ?

(iv) किन शब्दों में जादू का असर होता है और क्यों ?

(v) बच्चों को बचपन से ही कैसी शिक्षा दी जानी चाहिए और क्यों ?

## (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 2 – निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए –** (1x5=5)

(i)'उस कमरे में .........क्योंकि अंदर बच्चा सो रहा है।'उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-

(क) दबे पाँव जाना (ख) ठनक कर जाना

(ग) चकरा जाना (घ) भाग कर जाना

(ii) 'कक्षा में देरी से आने के कारणआज तो शिक्षक ने उसे..... ।' मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-

(क) अंधों में काना राजा (ख) आड़े हाथों लिया

(ग) खून जलना (घ) पैरों पर खड़ा किया

(iii) 'प्रियदर्शन धीरे-धीरे चल रहा है।' रेखांकित में पदबंध का भेद है -

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध

(ग)विशेषण पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

(iv) 'वीर और साहसी नवयुवक मुसीबत में पड़े लोगों की मदद करता था ।' वाक्य में संज्ञा पदबंध के लिए उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा ?

(क) वीर और साहसी (ख) करता था

(ग) मुसीबत में पड़े (घ) वीर और साहसी नवयुवक

(v) रेखांकित में विशेषण पदबंध का उदाहरण है -

(क) नदी बहती चली जा रही है। (ख) तेज़ चलने वाली गाड़ी की दुर्घटना हो गई।

(ग)विदेश से आए लोग अमृतसर गए हैं। (घ) भारत कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैला है।

## खंड 'ब'(पाठ्यपुस्तक-स्पर्श)

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40–50 शब्दों में लिखिए – (3+3)

(क) 'बड़े भाई साहब' पाठ में बड़े भाई ने हमारी शिक्षा पद्धति के किन-किन तौर-तरीकों पर व्यंग्य किया है ?

(ख) 'बड़े भाई साहब' पाठ में बड़े भाई का बचपन जिम्मेदारियों तले दबकर गायब हो गया है । इसी प्रकार आपके परिवार में आपसे छोटा भाई या बहन है तो आपको अपने कर्त्तव्य का बोध किस प्रकार होता है ? अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) कबीर जी की एक साखी के आधार पर बताइए कि संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुखी कौन ? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं ? (3)

(ख) स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है ? (1)

*************************************************